नारी शक्ति

महिला प्रभाग की समाचार पत्रिका

For Private Circulation Only

अंक – 59 अप्रैल 2021

दिल्ली (शक्ति नगर) – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार में भाग लेते हुए माननीय डॉ श्रीमती द्रौपदी मुर्मू (राज्यपाल - झारखंड), ब्र.कु.चक्रधारी दीदी- (अध्यक्षा-महिला प्रभाग), ब्र.कु. शारदा दीदी - (राष्ट्रीय संयोजिका - महिला प्रभाग), ब्र.कु. डॉ सविता दीदी - मुख्यालय संयोजिका – महिला प्रभाग, ब्र.कु. गीता - भीनमाल, ब्र.कु. लीना, श्रीमती जनक पलटा - (संस्थापक - जिमी मैकगिलिगन सेंटर), डॉ.ज्योत्सना याग्निक - (पूर्व प्रधान न्यायाधीश, सिटी सिविल एंड सेशन कोर्ट्स और वी.सी.- अडमास विश्वविद्यालय, कोलकत्ता,पश्चिम बंगाल) श्रीमती दीप्ति सैनी - (मिसेज़ इंडिया इंटरनेशनल), श्रीमती अलका शर्मा - (अतिरिक्त कमिश्नर, पूर्वी दिल्ली), डॉ सीमा शर्मा - अतिरिक्त शिक्षा निर्देशिका - EDMC, श्रीमती अर्चना देशमुख - सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य ।

संस्कृति की संरक्षक --महिला

महिला तेरे हैं, रूप अनेक
मां बहन बेटी बहू, पर रंग एक
मां पहली सबकी शिक्षक है
नारी संस्कृति की संरक्षक है

भारतीय दर्शन और संस्कृति की मूल अवधारणा में नारी ही शक्ति स्वरूपा है । भारतीय नारी ने त्याग और तपस्या से भारतीय संस्कृति को पाला, पोसा, संजोया और श्रृंगार करके बुलंदियों पर पहुंचाया है। भले ही वर्तमान समाज पुरुष प्रधान है किंतु मूल में मातृशक्ति का महात्म्य कम नहीं। नारी शब्द ही शक्ति स्वरूप है। इसके पर्यायवाची शब्द स्त्री, कांता, महिला आदि अनेक नाम नारी के हैं किंतु सबसे अधिक प्रयोग में आने वाले शब्द हैं स्त्री व महिला। स्त्री शब्द स्त्रैय धातु से बना है जिसका अर्थ है एकत्रित करना, सहेजना, बनाना वा समेटना। वास्तव में यह सब स्त्री के स्वभाव में निहित हैं। महिला शब्द मह धातु के मही शब्द से बना है। मही का अर्थ है पृथ्वी यानी सहनशील, ऊर्जा से परिपूर्ण, अनेक रहस्यों को स्वयं में संजोने वाली तथा सर्वदा दात्री यानी देवी, देने वाली। धरती जैसे गुणों को धारण करने के कारण ही महिला को पूजनीय कहा जाता है। उर्दू भाषा में नारी को जनानी कहते हैं यह शब्द भी संस्कृत की जननी शब्द का ही प्रतिरूप लगता है। इतिहास साक्षी है कि मातृशक्ति ने समाज और संस्कृति के ताने-बाने को बुना है। संस्कृति हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, स्थिति और स्मृति के संयुक्त रूप द्वारा आचरित व्यवहार का नाम है। भारतीय संस्कृति संसार की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति रही है क्योंकि उसके अंतर में अध्यात्म का प्राण प्रबल है। आध्यात्मिकता के कारण ही भारतीय संस्कृति तमाम झंझावातों में आज तक भी अक्षुण्ण है। यूनान, मिस्र, रोम जैसी संस्कृति विलुप्त हो गई किंतु भारतीय संस्कृति आज फिर से विश्व संस्कृति बनने को उद्यत है। विडंबना यह है कि स्वयं भारतवासी ही अपनी अध्यात्म प्रधान महान गौरवशाली संस्कृति को भूल कर अन्यान्य संस्कृतियों का अंधानुकरण कर रहे हैं। यही कारण है कि आज और सभी प्रदूषण से अधिक संकट सांस्कृतिक प्रदूषण के कारण है। इस संस्कृति को पुन:संरक्षित और सुरक्षित करने की क्षमता मातृशक्ति में ही है क्योंकि वह परिवार की धुरी है। उसकी भूमिका कहीं मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए वीरमाता जीजाबाई की है तो कहीं पन्नाधाय की है कहीं वह मदालसा की भूमिका में है तो कहीं गार्गी, मैत्रेयी की भी भूमिका में है। यदि नारी अपने इस विशेष उत्तरदायित्व का आभास कर ले तो भारतीय संस्कृति विश्व गुरु अवश्य बन कर रहेगी। यूं तो सदियों से नर और नारी की तुलना की जाती रही किंतु नैसर्गिक रूप से नारी में

इंदौर – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए मेडीकल प्रभाग की जोनल कोआर्डीनेटर ब्र.कु.उषा बहन, ब्र.कु. हेमलता बहन (इंदौर जोन की मुख्य क्षेत्रीय समन्वयक), बहन आर्यमा सान्याल (एयरपोर्ट डायरेक्टर), पूर्व महापौर डॉ. उमा शशि शर्मा, डॉ. साधना सोड़ानी (सचिव, आई.एम.ए.), बहन शीतल राय (अध्यक्ष, वूमेन प्रेस क्लब), बहन साधना सिंह (अध्यक्ष, सनशाईन लायन्स क्लब), बहन शोभा चौधरी (डायरेक्टर , पंचम निशाद संगीत संस्थान), बहन अर्चना जायसवाल (संरक्षक, विधि सेवा आयोग), बहन मोनिका पुरोहित (डायरेक्टर, आनंद सर्विस सोसायटी), बहन कल्पलता भार्गव (सीनियर मैनेजर , स्टॉर हेल्थ) ।

अंबिकापुर – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्कृति की संरक्षक महिला विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए वंदना दत्ता – अध्यक्षा मातृछाया, डॉ. मंजू शर्मा – एम.डी. मेडिसिन, बहन मंजू एक्का - स्त्री रोग विशेषज्ञ, बहन वाणी मुखर्जी – वरिष्ठ परिवेक्षा और कल्याण अधिकारी, अंबिकापुर (सेंट्रल जेल), बहन नीलिमा शर्मा, भ्राता राम प्रसाद गुप्ता – प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर, सरगुजा संभाग की सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. विद्या बहन, ब्र.कु. प्रतिमा बहन ।

ग्वालियर : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "संस्कृति की संरक्षक महिला" विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए श्रीमति माधवी सिंह (संचालिका नशा मुक्ति केंद्र), श्रीमति पद्मा शर्मा (महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष), श्रीमति बबिता डाबर (समाज सेवी), श्रीमति ऋचा शिवहरे, श्रीमति नीलम जगदीश गुप्ता (संस्थापिका संस्कार मंजरी), श्रीमति कल्पना मेहता (पूर्व अध्यक्ष इनर वील क्लब), ब्र.कु. आदर्श बहन (मुख्य इंचार्ज लश्कर ग्वालियर), डॉ. साधना शंकर, श्रीमति आशा सिंह (समाज सेविका) ।

नरोत्तर अनेकानेक गुण है यहां तुलना करना विषयांतर है किंतु वर्तमान समय नारी को विशेष भूमिका का निर्वहन करना होगा। सर्वविदित है कि प्राचीन भारतीय संस्कृति समाज में नारी का स्थान सर्वोपरि रहा है। नारी ने पूज्या का स्थान वरण किया था । हमारे पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यान नारी के महिमामंडन से भरे हैं तो यह भी सत्य है कि आज नारी प्रताड़ित,भोग्या,कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, नारी दहन, बलात्कार, वेश्यावृत्ति, नारी हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों से भी पीड़ित है और यह भी कटु सत्य है कि नारी के उत्थान और पतन में नारी ही सबसे अधिक सक्रिय रही है।आज वर्तमान परिवर्तन के क्रम में नारी सभी क्षेत्रों में नर से कहीं अग्रणी है। सत्य यह भी है यदि नारी ने संस्कृति के उत्थान में अहम योगदान किया है तो संस्कृति के पतन में भी उसकी कहीं अधिक भूमिका रही है। अत: आज संस्कृति की संरक्षण का भार महिला पर पहले से कहीं अधिक है। आज बहुत ही हर्ष का विषय है कि वर्तमान समय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जो महिला प्रधान अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान है, के माध्यम से नारी का सर्वांगीण उत्थान हो रहा है ।

अहमदाबाद - चांदलोडिया – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़ी ब्रह्माकुमारीज़ बहनें एवं अन्य ।

राजयोग के माध्यम से नारी स्वयं के आचार, विचार एवं व्यवहार में परिवर्तन ला रही है और आध्यात्मिक सशक्तिकरण के आधार से परिवार, ग्राम एवं देश- प्रदेश सहित विश्व का कल्याण कर रही है। आत्म परिवर्तन से विश्व परिवर्तन एवं दृष्टि परिवर्तन से सृष्टि परिवर्तन तथा संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन का पथ प्रशस्त करने वाली महिलाएं शिव शक्ति स्वरूपा बन रही हैं और वह दिन दूर नहीं जब निश्चित ही संस्कृति की संरक्षक महिला संसार को स्वर्ग बना कर ही रहेगी। नारी है सृजन की देवी और जीवन के विकास और निर्माण की जिम्मेवार ।

★ ★ ★ ★ ★

बरेली – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम "नारी शक्ति – समाज के परिवर्तन की चाबी है" का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए डॉ वन्दना शर्मा - (बरेली कालेज की चीफ प्राक्टर,एन.सी.सी. अधिकारी), डॉ आस्था अग्रवाल - (पेरिऑडोन्टीस्ट एवं इंप्लांटोलाजिसट -मिसिज इंडिया),श्रीमती मंजू थावनानी - (मिसिज इंडिया ग्लोब फर्स्ट रनर, मिसिज इंडिया ब्यूटी क्वीन, एक्टर,इनटेरियर डिजाइनर), डॉ. पूर्णिमा अनिल - (रिटायर प्रोफेसर बरेली कालेज), श्रीमती मीना सोंधी- समाज सेविका एवं बी के पार्वती बहन ।

हाथरस (उ.प्र.) - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पत्नी बहन श्वेता दिवाकर, महिला कल्याण अधिकारी बहन मोनिका गौतम, सादाबाद सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. भावना बहन, भ्राता भवतोश मिश्रा, बहन मनु दीक्षिति, प्राईमरी स्कूल की प्रधानाचार्य बहन संगीता, ब्र.कु. मिथलेश बहन, ब्र.कु. राधा बहन , ब्र.कु. बबिता बहन ।

छतरपुर (किशोर सागर) - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भा.ज.पा. महिला मोर्चा की ओर से शहर के ऑडीटोरियम में आयोजित महिला कार्यकम में बी.के. रमा – सेवाकेंद्र प्रभारी विश्वनाथ कॉलोनी छतरपुर, बी.के. रीना – किशोर सागर छतरपुर को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित करते हुए भा.ज.पा. महिला मोर्चा के मेंबर्स ।

छतरपुर – विश्वनाथ कॉलोनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े बी.के.रमा (सेवाकेन्द्र प्रभारी विश्वनाथ कालोनी छतरपुर), ब्र.कु. विद्या बहन - सेवाकेन्द्र प्रभारी – खुजराहो, बहन कोमल टिकरिया (जिलाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, उपाध्यक्ष गहोई वैश्य महिला मंडल, डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन लायनेस क्लब, ट्रेजरर रोटरी क्लब), बहन किरण ब्रजपुरिया (लायनेस क्लब अध्यक्ष), बहन दीप्ति प्यासी (सक्रिय युवा समाजसेवी), बहन द्रौपती कुशवाहा (भा.ज.पा. महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष), बहन सरोज छारी (अधीक्षक बाल सुधार गृह), बहन सुनीता पथोरिया (वरिष्ठ समाज सेवी), भ्राता लोकपाल सिंह (ट्रस्टी निर्वाण फाउण्डेशन) ।

चरखी दादरी - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. बहन प्रेमलता, भारत विकास परिषद की बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान की मुख्य बहन मंजू वत्स, एसडीएम की धर्मपत्नी कविता बहन एवं बहन नीतू बंसल ।

महेश्वर - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. अनीता एवं ब्र.कु. सारिका को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए लायनेस क्लब के सदस्य ।

विजियानगरम – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर SITAM इंजीनियरिंग कॉलेज और सत्या और पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यकम में ब्र.कु. अन्नपूर्णा को सम्मानित करते हुए बोतसा झाँसी लक्ष्मी (सेक्रेटरी आफ इंस्टिट्यूट), शशि भूषण राव (निर्देशक सितम इंस्टिट्यूट), राम मूर्ति (सितम इंजीनियरिंग कॉलेज) एवं अन्य ।

टूंडला (राम नगर कॉलोनी) – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए सेवाकेंद्र संचालिका बीके विजय बहन, आँवलखेड़ा संचालिका बी.के. तनु बहन, बीके पूजा बहन, बी.के. रेनू बहन और आँवलखेड़ा गायत्री परिवार की सदस्य बहन कल्पना, बहन मीना ।

सिकंदरा (आगरा) – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए मेयर नवीन जैन, पार्षद सुषमा जैन, दंत विशेषज्ञ डॉ पिंकी बहन साथ में बीके सरिता,

सूरत - भारतीय जैन संगठन, सूरत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नारी चेतना अवार्ड – २०२१ से ब्र.कु. डॉ. सुनीता, शांतिवन को सम्मानित करते हुए भारतीय जैन संगठन, सूरत के अध्यक्ष श्री संजय जैन एवं अन्य ।

विरमगाम (गुज.) - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विन्स बेन पटेल (ममता हॉस्पिटल), वीरमगाम तालुका (पूरे गांवों के साथ) , डॉ. हीना बेन वाघेला – योगा कोच, विरामगाम नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष) पार्षद रीना बेन पंडया, बहन इला बेन पटेल (प्रोफेसर – डी.सी.ऍम. कॉलेज), डॉ. प्रियंका बेन जाधव(फ़ज़ियोथेरेपिस्ट), डॉ. नैंसी गुप्ता (होमियोपैथी), ब्र.कु. धर्मिष्ठा बेन,ब्र.कु. काजल बेन, ब्र.कु. उमा बेन ।

झाबुआ – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टर कार्यालय झाबुआ एवं इनर व्हील झाबुआ द्वारा Covid 19 में ब्रह्माकुमारीज् द्वारा की गई उत्कर्ष सेवाओं के लिए ब्र.कु.जंयती बहन को सम्मानित करते हुए ।

पन्ना – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. सीता बहन – पन्ना सेवाकेंद्र प्रभारी), बहन निशा जैन (प्रिंसिपल – सरकारी एक्सेलेंस स्कूल), बहन किरण खरे (प्रभारी परियोजना अधिकारी-महिला और बाल विकास), बहन मंजू जैन – एडवोकेट एवं अन्य ।

इंदौर – ओम शांति भवन न्यू पलासिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े बहन किरण जिराती (अध्यक्षा – लायन्स क्लब), बहन रेखा जैन (संस्थापक अ.भा. श्वेताम्बर जैन महिला संघ), बहन नीता पालीवाल (कमांडेंट बीएसएफ), एडवोकेट नेहा राठी,बहन माधुरी तांबे (समाजसेवी), ब्र.कु. आरती बहन (संचालिका - इंदौर – ओम शांति भवन न्यू पलासिया), ब्र.कु. आशा बहन एवं ब्र.कु. वीका बहन ।

जयपुर (सोडाला) – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़ी ब्र.कु. स्नेह बहन (संचालिका – सोडला सेवाकेंद्र – जयपुर), बहन रेखा राठौर (जयपुर जिला सचिव और पार्षद), बहन माधुरी शर्मा (मानव अधिकार सुरक्षा संगठन, जिलाध्यक्ष जयपुर), डॉ. शशि शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ),डॉ.सुशीला सैनी(स्त्री रोग विशेषज्ञ)।

पठानकोट – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए सेवाकेंद्र प्रभारी सत्या बहन, ब्र.कु. गीता बहन, कर्नल बी.एस. परमार की धर्मपत्नी अनीता परमार, डॉ. सुभाष गुप्ता(एमडी) की धर्मपत्नी अनीता गुप्ता, बहन मीनाक्षी कांता वालिया, बहन कांता महाजन, विजयपुरी ।

सोनीपत (सेक्टर – १५) – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. पीयूष भाई – लोधी रोड – दिल्ली, ब्र.कु. गिरिजा बहन – लोधी रोड – दिल्ली, भ्राता मोहन लाल (MLA, RAI, सोनीपत), बहन कविता जैन (पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर), बहन बबिता (MC, सोनीपत), ब्र.कु. प्रमोद बहन (संचालिका, सुख शांति भवन, सेक्टर – १५, सोनीपत) ।

जम्मू – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सी.आर.पी. एफ. बटालियन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अपना वक्तव्य देती हुई ब्र.कु. सुदर्शन दीदी एवं साथ में है ब्र.कु. निर्मल बहन, ब्र.कु. रविंदर भाई एवं अन्य ।

मुंबई – मलाड ईस्ट – National Human Rights & Social Justice commission द्वारा–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर ब्र.कु. कुंती बहन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए डॉ महताब रॉय(र्राष्ट्रीय अध्यक्ष – NHRJSC), भ्राता ऍम.अल.पटेल (सेन्ट्रल एडवाइजर, दिल्ली), बहन मंजू गौतम (अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माता), डॉ. अर्चना देशमुख (सामाजिक कार्यकर्ता), बहन पवन पेठे (पुलिस इंस्पेक्टर – स्पेशल ब्रांच – सी.आई.डी) एवं अन्य ।

नीमच – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हेल्पिंग हैण्ड्स सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित समारोह में ब्र.कु. सविता बहन (संचालिका – ब्रह्माकुमारीज़, नीमच) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष - श्रीमती नीता दुआ एवं अपर जिला सत्र न्यायाधीश की धर्मपत्नी श्रीमती सपना जैन एवं अन्य ।

जबलपुर – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी – "शिव की शक्ति है नारी" में दीप प्रज्जवलन के बाद ईश्वरीय स्मृति में खड़े ब्र.कु. विमला बहन, बहन आशु अग्-ास्ते - असिस्टेंट कमिश्नर-नगर निगम, बहन सोना शुक्ला-महिला थाना जबलपुर, बहन अंशुल वर्मावेदी - मेनेजर-स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया, बहन आराधना चौहान- प्रेसिडेंट - आल इण्डिया ब्यूटीशियन एसोसिएशन, डॉ. श्वेता जैन , डेंटिस्ट, डॉ. निशा अम्बवानी ।

हैदराबाद-सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित ऑनलाइन वेबीनार में भाग लेते हुए ब्र.कु.चक्रधारी दीदी-(अध्यक्षा-महिला प्रभाग), ब्र.कु. डॉ सविता दीदी - मुख्यालय संयोजिका–महिला प्रभाग, ब्र.कु. कुलदीप दीदी (निर्देशिका–शांति सरोवर-हैदराबाद), डॉ. विजया लक्ष्मी- स्त्री रोग विशेषज्ञ , बहन श्रद्धा प्रसाद – (वेलनेस कोच),बहन मधुलिका चौधरी - पर्यावरण कार्यकर्ता, बहन पद्मावती देवी - गृहिणी, ब्र.कु. लक्ष्मी - (कोऑर्डिनेटर-महिला विंग-हैदराबाद), बहन लक्ष्मी - वकील, ब्र.कु. अंजलि (राजयोग शिक्षिका),बहन सृष्टि - बैडमिंटन खिलाड़ी ।

दिल्ली (लोधी रोड)- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कम्पनियों में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए ब्र.कु. गिरिजा बहन, ब्र.कु. भ्राता पीयूष एवं अन्य ।



सेंट पीटर्सबर्ग – सेवाकेंद्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के समापन पर समूह चित्र में ब्र.कु. संतोष दीदी (संचालिका – ब्रह्माकुमारीज़,सेंट पीटर्सबर्ग) एवं अन्य ।

हैदराबाद (शांति सरोवर) – हैदराबाद के रविन्द्र भारती ऑडीटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ब्र. कु. बहन कुलदीप (संचालिका – शांति सरोवर, हैदराबाद) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए बहन विजय लक्ष्मी (महापौर, हैदराबाद), बहन लता रेड्डी – (उप मेयर),भ्राता विनय कुमार (अध्यक्ष – IRDS) एवं अन्य ।

सम्पादिका : ब्र.कु. चक्रधारी, शक्तिनगर, दिल्ली
सह-सम्पादिका : ब्र.कु.डॉ. सविता, शान्तिवन
सम्पादकीय पत्र-व्यवहार : डॉ. सविता शान्तिवन,(आबू रोड)
प्रकाशक व मुद्रक ब्र.कु. आत्मप्रकाश,
ओमशान्ति प्रिंटिंग प्रेस, शान्तिवन (आबू रोड) – 307510

राष्ट्रीय कार्यालय :19/17, शक्तिनगर, दिल्ली-110007

प्रति,